an>

Title: Need to expedite the construction of overbridge near Tatisilwai railway station in Ranchi Parliamentary Constituency of Jharkhand.

श्री राम टहल चौधरी (राँची) : महोदया, मेरे निर्वाचन क्षेत्र रांची-पुरूलिया रेलवे लाइन टाटी सिलवे स्टेशन के पास एक ओवर ब्रिज बनाने का प्रावधान इस वित्तीय वर्ष के बजट में किया गया था। सदन को बताते हुए खेद हो रहा है कि 21 महीने बीत जाने के बाद भी उपरोक्त ओवर ब्रिज के निर्माण कार्य अभी तक शुरू नहीं किया गया है। ओवर ब्रिज न बनने से प्रतिदिन घंटो रोड़ जाम रहता है और दिन भर में चार-पांच घंटा वह सड़क बंद रहती है। यह बहुत ही महत्वपूर्ण एवं अत्यंत व्यस्त सड़क है। अतः सरकार से अनुरोध है कि बजट के प्रावधान के अनुसार टाटी सिलवे रेलवे स्टेशन के पास ओवर ब्रिज बनाने का कार्य जनहित में शीघ्र शुरू किया जाए।